◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

सेक्टर 12 स्थित श्री श्याम मंदिर में भव्य जागरण, देर रात तक भजनों पर झूमे श्रद्धालु



सेक्टर 12 स्थित श्री श्याम मंदिर में भव्य जागरण, देर रात तक भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हनुमानगढ़। जंक्शन के सेक्टर नंबर 12 स्थित श्री संकट मोचन बालाजी धाम परिसर में नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर में बुधवार रात्रि श्री श्याम कथा महोत्सव-2026 श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। करीब 15 दिनों की तैयारियों के बाद आयोजित कार्यक्रम में 11 यजमान जोड़ों ने विधिवत पूजा-अर्चना की। समिति अध्यक्ष सुमित रणवां, नगर परिषद सभापति मंजू रणवां सहित अन्य अतिथियों ने बाबा श्याम की ज्योत प्रज्वलित कर जागरण का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर देव चुघ ने भजनों की प्रस्तुति दी, वहीं ग्वालियर से पहुंचे भजन गायक मनोज शर्मा ने अपनी मधुर आवाज से श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्तिरस में सराबोर रखा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाकर भक्ति का आनंद लिया। पूरा मंदिर परिसर बाबा श्याम के जयकारों से गूंजता रहा।

— Yash karyani

आज राजस्थान के दौसा जिले में सिकंदरा चौराहे के पास ईटका गांव में तंवर परिवार की शादी में भात में सुमेर जी शयालावास बांदीकुई ने *1 करोड़ 11 लाख 11 हजार 1111 रुपए* ओर बड़े भात में *5 लाख 11 हजार 101* का भात आया



आज राजस्थान के दौसा जिले में सिकंदरा चौराहे के पास ईटका गांव में तंवर परिवार की शादी में भात में सुमेर जी शयालावास बांदीकुई ने

1 करोड़ 11 लाख 11 हजार 1111 रुपए

ओर बड़े भात में

5 लाख 11 हजार 101

का भात आया

— Naresh Kumar Bairwa

राजनीति

जैसलमेर में विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने नवनिर्वाचित सरपंच राधेश्याम विश्नोई को बधाई दी



जैसलमेर में आज विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने नवनिर्वाचित सरपंच राधेश्याम विश्नोई के आवास पर जाकर उनका स्वागत किया और चुनाव जीतने पर हार्दिक बधाई दी।

इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों से मुलाकात की, क्षेत्रीय विकास कार्यों की प्रगति और जनसमस्याओं पर विस्तृत संवाद किया। उन्होंने गांव में चल रहे योजनाओं को तेज करने और लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान की आवश्यकता पर बल दिया।

सरपंच राधेश्याम विश्नोई ने नई जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाने का संकल्प व्यक्त किया और विधायक के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उपस्थित कई जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी इस संवाद में भाग लेकर अपने विचार रखे।

विधायक ने विकास कार्यों को गति देने हेतु आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और प्रशासनिक सहयोग को सुदृढ़ करने का आश्वासन दिया। इस बैठक से गांव के सामाजिक-आर्थिक उन्नति में सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद जताई गई।

— Swaroop Singh

राजनीति

जैसलमेर में पंचायत समिति व जिला परिषद की काउंटिंग कल निर्धारित



जैसलमेर में कल पंचायत समिति और जिला परिषद के चुनाव परिणामों की गिनती निर्धारित की गई है। सुबह 10 बजे पंचायत समिति के 10 समितियों के कुल 150 वार्डों की गिनती की जाएगी।

दोपहर 2 बजे जिला परिषद के 21 वार्डों की गिनती का समय निर्धारित किया गया है। यह क्रमिक गिनती प्रक्रिया स्थानीय प्रशासन द्वारा सुगम रूप से संचालित की जाएगी।

गिनती के बाद परिणामों की घोषणा के लिए आगे की कार्यवाही की जाएगी, जिससे चयनित प्रतिनिधियों को आधिकारिक रूप से घोषित किया जा सकेगा।

— Swaroop Singh

मनोहर सिंह भाटी बेदू कला



कैप्टन हनुमान राम जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

जोधपुर के वीर सपूत कैप्टन हनुमान राम जी ने देश की सेवा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

मणिपुर में सेना की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने से वीर जवान शहीद हो गए। उनका बलिदान सदैव देश याद रखेगा। हनुमान राम जी जोधपुर से सुवाप गांव में रहने वाले थे

वीर सपूत को शत-शत नमन।

जय हिंद जय भारत

— Manohar Singh

मनोहर सिंह भाटी



फलोदी हादसे के बाद जिला अस्पताल में भारी भीड़, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल। 28 वर्षीय पूनमचंद माली की मौत के बाद अस्पताल में पुलिस जाब्ता तैनात। और पुलिस प्रशासन कर रही है जांच यह खबर मनोहर सिंह भाटी ने बताया बेदु कला से

— Manohar Singh

स्थानीय

अक्षय नवमी पर पंचकोसी परिक्रमा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब



धार्मिक नगरी केशवरायपाटन में अक्षय नवमी के शुभ अवसर पर पंचकोसी परिक्रमा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।

परिक्रमा के दौरान महिलाएं एवं पुरुष डी जे की धुन पर नाचते-गाते हुए परिक्रमा करते नजर आए।

इस दौरान पूर्व वाइस चेयरमैन एवं पार्षद राजविंता गोचर सहित हरजीत केवट, जगदीश राठौर, गणेश गुर्जर, राम बंसल, वेदप्रकाश केवट, सोनू, मनोज, धर्मसिंह गुर्जर आदि समाजसेवियों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। साथ ही चाय, पानी, खीर एवं फल वितरित कर श्रद्धालुओं की सेवा की।

— Buddhi Prakash Mali

स्थानीय

वार्ड 22 सोहल्ला में कम सीमेंट वाली खराब सड़क की मरम्मत ठेकेदार ने की



सॉहल्ला के वार्ड नंबर 22 में स्थित प्रमुख सड़क में निर्माण कार्य के दौरान प्रयुक्त सीमेंट की मात्रा कम होने से सतह बिगड़ गई थी। स्थानीय निवासियों ने इस समस्या की शिकायत की, जिसके बाद समाचार प्रकाशित हुआ।

समाचार के प्रसार के बाद ठेकेदार ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्यवाही की और आज ही सड़क की मरम्मत कार्य शुरू किया। मरम्मत कार्य में उचित मात्रा में सीमेंट का उपयोग कर सतह को पुनः स्थिर किया गया।

स्थानीय प्रशासन ने बताया कि भविष्य में ऐसी त्रुटियों से बचने के लिए ठेकेदारों की निगरानी को कड़ा किया जाएगा और आवश्यक गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

— Buddhi Prakash Mali

स्थानीय

बूंदी की भीमलत घाटी में पलटी चावल भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, दो किसान गंभीर रूप से घायल



बूंदी जिले की भीमलत घाटी के पास मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें चावल से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में दो किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से एक की हालत गंभीर पाई गई, जिसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए कोटा रेफर कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मांडलगढ़ क्षेत्र के दौलतपुर निवासी महेंद्र सिंह और सत्यनारायण धाकड़ अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली में चावल भरकर बूंदी कृषि मंडी में बेचने जा रहे थे। इसी दौरान भीमलत घाटी के पास अचानक ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया और वाहन पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची।

एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को बूंदी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल महेंद्र सिंह को कोटा में शिफ्ट कर दिया, जबकि सत्यनारायण धाकड़ का इलाज बूंदी जिला अस्पताल में ही जारी है।

हादसे की सूचना मिलते ही दोनों घायलों के परिजन अस्पताल पहुंच गए। वहीं, सदर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी एकत्र की और मामले की जांच शुरू कर दी है।

— Buddhi Prakash Mali

परिजन अस्पताल पहुंच गए। वहीं, सदर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी एकत्र की और मामले की जांच शुरू कर दी है।

— Buddhi Prakash Mali

स्थानीय

अजमेर में पंचायती चुनाव की मतगणना से एक दिन पूर्व कलेक्टर और एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया



अजमेर। पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव की मतगणना से एक दिन पूर्व जिला कलेक्टर देशबंधु और अजमेर पुलिस अधीक्षक यशवर्धन अग्रवाल ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, वाहनों की आवाजाही तथा मतगणना से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि मतगणना के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न उत्पन्न हो और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो।

जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि मतगणना स्थल के आसपास यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम रहेंगे। माखूपुरा पुलिया की तरफ से मतगणना स्थल की ओर चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, केवल अनुमति प्राप्त चुनिंदा वाहनों को ही अंदर आने दिया जाएगा।

मतगणना स्थल पर केवल अधिकृत अधिकारियों, कर्मचारियों तथा पंचायत समिति एवं पंचायत से संबंधित अधिकृत सदस्यों और प्रतिनिधियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। बिना अधिकृत अनुमति के किसी को भी मतगणना स्थल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। निरीक्षण के बाद दोनों अधिकारी व्यवस्थाओं का जायजा लेकर वहां से रवाना हुए।

— Buddhi Prakash Mali, अजमेर

अब गीतों से नहीं, EVM में बंद है भाग्य का फैसला! लालसोट में बाड़ेबंदी के दौरान महिला प्रत्याशी गीत गाकर कमल की जीत की कामना करती नजर आईं। लेकिन अब जीत का फैसला गीतों से नहीं, EVM से होगा। 20 नवंबर को मतगणना के बाद सामने आएगा किसके सिर सजेगा जीत का ताज!



अब गीतों से नहीं, EVM में बंद है भाग्य का फैसला!

लालसोट में बाड़ेबंदी के दौरान महिला प्रत्याशी गीत गाकर कमल की जीत की कामना करती नजर आईं। लेकिन अब जीत का फैसला गीतों से नहीं, EVM से होगा। 20 नवंबर को मतगणना के बाद सामने आएगा किसके सिर सजेगा जीत का ताज

— Naresh Kumar Bairwa

स्थानीय

वेडिया ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि भगवत सिंह ने स्वयं सफाई कर जनसेवा का उदाहरण पेश किया



ग्राम पंचायत वेडिया (भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र) के सरपंच प्रतिनिधि श्री भगवत सिंह ने अपने पद की जिम्मेदारी को प्रत्यक्ष कार्य में बदलते हुए कार्यालय भवन की समग्र साफाई स्वयं की।

भरकर बाहर निकालवाया, जिससे पंचायत भवन की स्वच्छता सुनिश्चित हुई। यह पहल सभी जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।

सरपंच प्रतिनिधि जी ने कहा कि केवल कुर्सी पर बैठना ही जनसेवा नहीं, बल्कि जमीन पर उतरकर काम करना ही सच्ची जनसेवा है। उनका यह कार्य जनसेवा के सिद्धांत को नई दिशा देता है।

वेडिया ग्रामवासियों ने इस पहल के लिए सरपंच प्रतिनिधि भगवत सिंह को हार्दिक धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

— Buddhi Prakash Mali

*पंचायत आम चुनाव-2026 अपडेट * *दौसा में मतगणना का विवरण* *जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना



*पंचायत आम चुनाव-2026 अपडेट *

दौसा में मतगणना का विवरण

जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना पं. नवल किशोर शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 20 नवम्बर को होगी

मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी

14 पंचायत समितियों की मतगणना 5 से 12 राउंड में पूरी होगी

सिकराय व लालसोट में 14, बांदीकुई में 13, दौसा, सिकंदरा व रामगढ़ पचवारा में 12, महवा में 11, नांगल राजावतान में 10, लवाण व शिवसिंहपुरा में 9 तथा बसवा, मनोहरपुर खेड़ला, बैजूपाड़ा व मंडावर में 8 टेबलों पर होगी मतगणना

पंचायत समिति सिकराय क्षेत्र के जिला परिषद तथा पंचायत समिति वार्डों की मतगणना कक्ष संख्या 13 पीजी ब्लॉक में 14 टेबलों पर 8 राउंड में होगी

* लालसोट पंचायत समिति क्षेत्र की मतगणना कक्ष संख्या 209 में 14 टेबलों पर 9 राउंड में, बांदीकुई की कक्ष संख्या 206 में 13 टेबलों पर 10 राउंड में, दौसा मतगणना कक्ष संख्या 215 में 12 टेबलों पर 12 राउंड में होगी*

*सिकंदरा पंचायत समिति के जिला परिषद एवं पंचायत समिति वार्डों की मतगणना कक्ष संख्या 12 पीजी ब्लॉक में 12 टेबलों पर 9 राउंड में, रामगढ़ पचवारा की कक्ष संख्या 219 में 12 टेबलों पर 10 राउंड में

महवा की कक्ष संख्या 228 में 11 टेबलों पर 7 राउंड में, नांगल राजावतान की कक्ष संख्या 218ए में 10 टेबलों पर 9 राउंड में तथा लवाण की मतगणना कक्ष संख्या 89 में 9 टेबलों पर 5 राउंड में होगी

शिवसिंहपुरा पंचायत समिति के जिला परिषद एवं पंचायत समिति के वार्डों की मतगणना कक्ष संख्या 212 में 9 टेबलों पर 7 राउंड में, बसवा की कक्ष संख्या 225 में 8 टेबलों पर 7 राउंड में, मनोहरपुर खेड़ला की कक्ष संख्या 230 में 8 टेबलों पर 9 राउंड में, बैजूपाड़ा की कक्ष संख्या 201 में 8 टेबलों पर 7 राउंड में तथा मण्डावर पंचायत समिति की मतगणना कक्ष संख्या 204 में 8 टेबलों पर 6 राउंड में होगी

स्ट्रांग रूम प्रातः 7.45 बजे खोले जाएंगे

* महाविद्यालय के कमरा नं. 49 में मीडिया सेंटर स्थापित किया जाएगा*

पहले होगी डाक मतपत्रों की गणना

स्ट्रांग रूम कमरा नंबर 223 को मतगणना दिवस पर प्रातः 7:15 बजे खोला जाएगा

AJEET SINGH MAHUWA Kirodi Lal Meena Omprakash Hudla Rajendra Meena MLA Sachin Pilot

नोटः- पंचायत राज चुनाव में परिणाम के ताजा अपडेट के लिए मेरे फेसबुक पेज पर !

— Naresh Kumar Bairwa

लगी भीषण आग: 50 पुंज जलकर राख, किसानों को भारी आर्थिक नुकसान, दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची तो ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था



निवाली गांव में कड़वी के पुंजों में लगी भीषण आग: 50 पुंज जलकर राख, किसानों को भारी आर्थिक नुकसान, दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची तो ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था

रामगढ़ थाना क्षेत्र के निवाली गांव में देर रात 11 बजे गांव के पास खेतों में रखे पशुओं के चारे के कड़वी के पुंजों में अचानक भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते खेत में रखे कड़वी के करीब 50 पुंज आग की चपेट में आ गए और जलकर पूरी तरह राख हो गए।

आग की ऊंची लपटें देखकर गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए, लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि ग्रामीणों की तमाम कोशिशों के बावजूद उस पर काबू नहीं पाया जा सका। जिसकी सूचना रामगढ़ थाना पुलिस और दमकल विभाग को दी। सूचना पर पुलिस और दमकल विभाग गाड़ी।मौके पर पहुंचे लेकिन इतने तक ग्रामीणों ने अपने स्तर पर ही आग पर काबू पा लिया था।

गांव के फारुक खान ने बताया कि म के आसीन,जाहुल खान, सुब्बा खान,अरसद सहित गांव के दर्जनों लोगों ने पशुओं के चारे के लिए खेत में कड़वी के करीब 50 पुंज एकत्रित कर रखे थे। देर रात अचानक अज्ञात कारणों से इनमें आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे चारे को अपनी चपेट में ले लिया और किसान की मेहनत से जुटाया गया पशुओं का चारा जलकर नष्ट हो गया।

ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक कड़वी के सभी पुंज जलकर राख हो चुके थे। उसके बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंचे लेकिन जब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा। लिया था। इस अग्निकांड में किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया है।

— Rohitash Kumar, अलवर

रामगढ़ में सूने मकान को चोरों ने बनाया निशानाः 8 से 9 तोला सोने के जेवरात और 20 हजार रुपए नकद पार, परिवार दिल्ली गया था रिश्तेदार से मिलने



रामगढ़ में सूने मकान को चोरों ने बनाया निशानाः 8 से 9 तोला सोने के जेवरात और 20 हजार रुपए नकद पार, परिवार दिल्ली गया था रिश्तेदार से मिलने

— Rohitash Kumar, अलवर

रामगढ़ नौगांव क्षेत्र के नगर पालिका के अध्यक्ष राजेंद्र सैनी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से की मुलाकात



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

से रामगढ़ क्षेत्र के नौगांवा नगर पालिका के चेयरमैन राजेन्द्र सैनी ने मुलाकात की

वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार! मंडावरी थाना पुलिस की कार्रवाई, अवैध खनन रोकने गई वन विभाग की टीम के साथ मारपीट करने के मामले में गिरधारी लाल मीणा गिरफ्तार। अवैध खनन में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली भी जब्त।



वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार!

मंडावरी थाना पुलिस की कार्रवाई, अवैध खनन रोकने गई वन विभाग की टीम के साथ मारपीट करने के मामले में गिरधारी लाल मीणा गिरफ्तार। अवैध खनन में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली भी जब्त।

— Naresh Kumar Bairwa

स्थानीय

करौली में देवउठनी एकादशी पर बाल विवाह व श्रम रोकथाम के लिए संयुक्त रणनीति बनाई



करौली। बाल संरक्षण सप्ताह के तहत जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग एवं एक्शनएड एसोसिएशन – डीएमजी इवेंट्स करौली द्वारा देवउठनी एकादशी (अबूझ सावे) के अवसर पर आयोजित होने वाले विवाह समारोहों में बाल विवाह एवं बाल श्रम की प्रभावी रोकथाम को लेकर जिला बाल कल्याण समिति कार्यालय में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा ने की। बैठक में देवउठनी एकादशी पर होने वाले विवाह आयोजनों के दौरान बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, बाल विवाह एवं बाल श्रम के संभावित मामलों की पहचान, निगरानी, रोकथाम तथा जरूरत पड़ने पर बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए संयुक्त कार्ययोजना एवं रणनीति पर चर्चा की गई।

एक्शनएड एसोसिएशन के जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि देवउठनी एकादशी को अबूझ सावा होने के कारण बड़ी संख्या में विवाह समारोह आयोजित होते हैं। ऐसे आयोजनों में कई बार छोटे-छोटे बच्चों से बर्तन साफ करवाने, पानी पिलाने, खाना परोसने, साफ-सफाई एवं अन्य कार्य करवाए जाते हैं, जो बाल श्रम की श्रेणी में आते हैं। उन्होंने कहा कि विवाह समारोह खुशियों और उत्सव का अवसर हैं, लेकिन इनकी आड़ में किसी भी बच्चे के बचपन, शिक्षा एवं सुरक्षा से समझौता नहीं होना चाहिए। बाल विवाह एवं बाल श्रम की रोकथाम के लिए सामुदायिक स्तर पर जागरूकता के साथ-साथ सतर्क निगरानी बेहद जरूरी है।

जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि विवाह आयोजनों में बाल विवाह एवं बाल श्रम के मामलों पर विशेष नजर रखी जाएगी। ऐसे मामले सामने आने पर संबंधित विभागों के माध्यम से तत्काल हस्तक्षेप करते हुए नियमानुसार कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित संस्थाओं एवं जिम्मेदार नागरिकों से बच्चों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। बाल कल्याण समिति सदस्य फरीदा शाह ने कहा कि बच्चों को शोषण, बाल विवाह एवं बाल श्रम से बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए विभागों, संस्थाओं एवं समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना आवश्यक है।

जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बाल विवाह एवं बाल श्रम से संबंधित शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेकर नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से ऐसे मामलों की सूचना संबंधित विभागों को देने की अपील की। प्रयत्न संस्था के जिला समन्वयक फजलू खान ने कहा कि विवाह आयोजनों के दौरान विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा बाल श्रम एवं बाल विवाह की रोकथाम के लिए संस्था की ओर से हरसंभव सहयोग किया जाएगा। वहीं चाइल्ड हेल्पलाइन टीम सदस्य ललेश ने ऐसे मामलों में पूरी सतर्कता बरतने तथा सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करने की बात कही।

बैठक में सभी ने संकल्प लिया कि बाल संरक्षण सप्ताह के संदेश को जन-जन तक पहुंचाते हुए देवउठनी एकादशी के अवसर पर आयोजित होने वाले विवाह समारोहों में किसी भी बच्चे से बाल श्रम नहीं करवाने तथा किसी भी नाबालिग का विवाह नहीं होने देने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान बाल मित्र हेमराज माली सहित अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

— Buddhi Prakash Mali

त्रिवेणी धाम में नव दिवसीय श्री सीताराम महायज्ञ की पूर्णाहुति, हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा*



आज 19 नवंबर 2026 को त्रिवेणी धाम में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला। खोजीद्वाराचार्य महाराज श्री रामरिछपाल दास जी के सानिध्य में पिछले 9 दिनों से चल रहे नव दिवसीय श्री सीताराम महायज्ञ की विधि-विधान के साथ पूर्णाहुति हो गई।

>

> नौ दिनों तक यज्ञशाला में वैदिक मंत्रों की गूंज, हवन की आहुति और सीताराम नाम के जयकारे गूंजते रहे। रोजाना हजारों श्रद्धालु यज्ञ में आहुति देने और महाराज के दर्शन करने के लिए त्रिवेणी धाम पहुंच रहे थे।

पूर्णाहुति के पावन मौके पर सबसे खास पल तब आया, जब हेलीकॉप्टर द्वारा त्रिवेणी धाम व यज्ञशाला पर पुष्प वर्षा की गई। आसमान से बरसती फूलों की बारिश को देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। हर तरफ "जय सीताराम, जय त्रिवेणी धाम" के जयकारे गूंजने लगे।

इसके बाद महाराज श्री रामरिछपाल दास जी ने आशीर्वाद वचन देते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली और आपसी भाईचारे की कामना की। उन्होंने कहा कि यज्ञ केवल आहुति देने का नाम नहीं है, बल्कि मन को शुद्ध करने और समाज को जोड़ने का माध्यम है। जहां यज्ञ होता है, वहां सकारात्मक ऊर्जा फैलती है और क्षेत्र में सुख-शांति आती है,

>त्रिवेणी धाम में निरंतर चल रहे भंडारे में लाखों जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। आयोजन को सफल बनाने के लिए यज्ञ समिति, सेवादार और स्थानीय प्रशासन ने पूरी व्यवस्था संभाल रखी थी।

— Mukesh Sharma

जालोर में मतगणना की तैयारी: जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्थल का निरीक्षण किया



जालोर, 19 नवंबर – जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गांवड़े तथा ज़िला पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह इंदौलिया ने गुरुवार को वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 20 नवंबर (शुक्रवार) को होने वाली मतगणना की तैयारियों का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न मतगणना कक्षों का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक कक्ष में पर्याप्त प्रकाश एवं सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, मतगणना के दिन कार्मिकों, प्रत्याशियों एवं उनके एजेंट्स के प्रवेश एवं निकास के लिए अलग-अलग व्यवस्था करने को कहा।

उन्होंने मतगणना स्थल पर पेयजल, विद्युत आपूर्ति, पर्यवेक्षक कक्ष, मीडिया सेंटर, निर्वाचन कक्ष, कैंटीन, पार्किंग तथा बैरिकेडिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह चांदावत, ज़िला परिषद सीईओ नंदकिशोर राजोरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, पुलिस उप अधीक्षक गौतम जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

— Kamlesh

टेक्नोलॉजी

WhatsApp यूजर्स के लिए बड़ी खबर, अब ग्रुप में जुड़ सकेंगे 1500 सदस्य



WhatsApp यूजर्स के लिए बड़ी खबर, अब ग्रुप में जुड़ सकेंगे 1500 सदस्य

करने की तैयारी, धीरे-धीरे यूजर्स तक पहुंचेगा अपडेट

टेक्नोलॉजी डेस्क। लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म WhatsApp अपने ग्रुप फीचर में बड़ा बदलाव कर रहा है। नए अपडेट के तहत अब WhatsApp ग्रुप में सदस्यों की अधिकतम संख्या 1,024 से बढ़ाकर 1,500 की जा रही है। इस बदलाव से बड़े सामाजिक, व्यापारिक, संस्थागत और सामुदायिक ग्रुप संचालित करने वाले यूजर्स को काफी सुविधा मिलेगी।

अब तक WhatsApp ग्रुप में अधिकतम 1,024 सदस्य ही जोड़े जा सकते थे। नई सीमा लागू होने के बाद एक ही ग्रुप में 1,500 सदस्य जुड़ सकेंगे। इससे संगठनों, व्यापारियों, सामाजिक संस्थाओं और विभिन्न समुदायों को अधिक लोगों तक एक साथ जानकारी पहुंचाने में मदद मिलेगी।

धीरे-धीरे मिलेगा नया अपडेट

बताया जा रहा है कि यह सुविधा चरणबद्ध तरीके से यूजर्स तक पहुंचाई जा रही है। ऐसे में संभव है कि कुछ यूजर्स को अभी भी पुरानी 1,024 सदस्यों की सीमा दिखाई दे। अपडेट उपलब्ध होने पर ग्रुप एडमिन को अधिक सदस्यों को जोड़ने की सुविधा मिल सकेगी।

WhatsApp का यह बदलाव डिजिटल संचार को और अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

— Yash karyani

ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर मारपीट एवं हत्या के प्रयास के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार



ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर मारपीट एवं हत्या के प्रयास के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

सिकंदरा थाना पुलिस की कार्रवाई, वारदात में प्रयुक्त लाठी-डंडे किए जब्त

दौसा। सिकंदरा थाना पुलिस ने ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर मारपीट करने एवं आपराधिक मानव वध का प्रयास करने के मामले में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडे भी जब्त किए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक दौसा कुंदन कंवरिया आईपीएस के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौसा शंकर लाल मीना आरपीएस एवं वृत्ताधिकारी मानपुर अशोक कुमार मीना के निकटतम सुपरविजन में सिकंदरा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह पु.नि. के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार, दिनांक 28 सितंबर 2026 को परिवादी अशोक पुत्र नोपराम, जाति सैनी, उम्र 25 वर्ष, निवासी गीजगढ़, थाना सिकंदरा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि रामकिशोर, जयसिंह, गिर्राज, दिलखुश एवं 10-15 अन्य लोग एक राय होकर उसके घर आए और लाठी-डंडों से लैस होकर परिवार के सदस्यों के साथ गंभीर मारपीट की। हमले में राकेश, राजेश सहित कई लोगों के हाथों में फ्रैक्चर आए तथा सिर में चोटें आईं।

इस संबंध में पुलिस थाना सिकंदरा में प्रकरण संख्या 429/2026 धारा 189(2), 115(2), 126(2), 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

पुलिस ने मामले में गहन अनुसंधान एवं साक्ष्य संकलन के बाद आरोपियों के विरुद्ध अपराध प्रमाणित पाए जाने पर 18 नवंबर 2026 को विशेष टीम गठित कर मुखबिरों से सूचना एकत्रित की। इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडे भी जब्त किए गए हैं। मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

गिरफ्तार आरोपी

* रामकिशोर पुत्र गिर्राज, उम्र 26 वर्ष।

* जयसिंह पुत्र पप्पू, उम्र 25 वर्ष।

* दिलखुश पुत्र गिर्राज, उम्र 20 वर्ष।

* गिर्राज पुत्र लटूर, उम्र 45 वर्ष।

चारों आरोपी जाति गुर्जर, निवासी सक्का ढाणी, जयसिंहपुरा, थाना सिकंदरा, जिला दौसा हैं।

पुलिस टीम

* सुरेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक एवं थानाधिकारी सिकंदरा।

* पुष्पेन्द्र सिंह, एएसआई, थाना सिकंदरा।

* वीरेन्द्र कानि. नंबर 461, थाना सिकंदरा।

पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

— Suraj Poswal

हनुमानगढ़ में 27 नवंबर को होगा मॉक ड्रिल का आयोजन, रात 7 से 7:15 बजे तक रहेगा ब्लैक आउट



हनुमानगढ़ में 27 नवंबर को होगा मॉक ड्रिल का आयोजन, रात 7 से 7:15 बजे तक रहेगा ब्लैक आउट

अभ्यास के दौरान भयभीत न हों और प्रशासन का सहयोग करें

हनुमानगढ़। आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय पर 27 नवंबर, 2026 को मॉक ड्रिल का आयोजन प्रस्तावित है।

मॉक ड्रिल के तहत उसी दिन रात्रि 7 बजे से 7:15 बजे तक जिला मुख्यालय पर संपूर्ण ब्लैक आउट रहेगा।

अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा श्री उम्मेदी लाल मीना ने जिले के आमजन से अपील की है कि उक्त गतिविधि एक मॉक अभ्यास मात्र है। इसलिए मॉक ड्रिल एवं ब्लैक आउट के दौरान किसी भी प्रकार से भयभीत न हों। उन्होंने आमजन से मॉक ड्रिल को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

— Yash karyani

जीएस दवाड़ा सोलर परियोजना शुरू, मुखिया कमल सिंह सहित जेठूसिंह, नरपतसिंह, पूनम सिंह, गिरधर सिंह और रामनारायण विश्नोई शामिल।



क्षेत्र में जीएस दवाड़ा सोलर प्लांट शुरू होने की जानकारी सामने आई है। इस अवसर पर मुखिया कमल सिंह के साथ जेठूसिंह, नरपतसिंह, पूनम सिंह, गिरधर सिंह एवं रामनारायण विश्नोई शामिल रहे।

सोलर प्लांट के शुरू होने से क्षेत्र में सौर ऊर्जा को लेकर नई गतिविधि देखने को मिली। इस अवसर पर शामिल लोगों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

— Swaroop Singh

जालौर में शुक्रवार को पंचायत राज चुनाव की मतगणना के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर लीं



जालौर में शुक्रवार को निर्धारित पंचायत राज चुनाव की मतगणना के लिए जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।

तैयारी में मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना मशीनों की जांच और कर्मचारियों की तैनाती शामिल है।

जिला अधिकारी ने कहा कि समय पर और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सभी चरणों का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

नागरिकों से अपील की गई है कि वे मतदान केंद्रों पर शांति बनाए रखें और मतगणना प्रक्रिया में सहयोग दें।

— Kamlesh

मनोहर सिंह भाटी



आज स्थान पलीना हाउस, नंदपुरी (फलोदी) पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक आदरणीय श्री निम्बाराम जी भाई साहब, सीमा जन कल्याण समिति के श्री स्वरूप दान जी, फलोदी के लोकप्रिय विधायक श्री पब्बाराम जी विश्नोई, श्री चुनाराम जी भाई साहब एवं श्री जय राम जी गज्जा भाई साहब का शुभागमन हुआ।

सभी गणमान्य अतिथियों का पारंपरिक राजस्थानी रीति-रिवाज के अनुसार साफा व दुपट्टा पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आप सभी के स्नेह, मार्गदर्शन और सानिध्य के लिए हृदय से आभार।साथ में जयेश सुथार ढेलाना जी, भवर सिंह महेचा, भगवाना राम जी कोलू, भवर सिंह जी कुशलवा, गौरव भाटिया, विक्रम सिंह भाटी सहित काफी लोग उपस्थित रहे

— डॉ. माधु सिंह देवड़ा, पलीना जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी फलौदी

— Manohar Singh